HIN/2005/15049 PRATAH KHABAR, Guwahati, Saturday, 31 October, 2020 वर्ष 15 अंक 157, गुवाहाटी, शनिवार, 31 अक्तूबर, 2020, विक्रम संवत 2077

सच से समझौता नहीं

प्रातःखबर

उग्रतारा देवालय सहित तीन श्रेष्ठ दुर्गा पूजा समितियां सम्मानित

गुवाहाटी 30 अक्तूबर। कोरोना महामारी के चलते इस वर्ष प्रशासन की ओर से जारी नियमों का पालन करते हुए महानगर की विभिन्न पूजा समितियों द्वारा संक्षिप्त रूप से दुर्गा पूजा का आयोजन किया गया। पूजा समितियों एवं लोगों में उत्साह बरकरार रखने के लिए अमृत सीमेंट की ओर से *अमृत सीमेंट हेल्थी पूजा अवार्ड* का आयोजन किया गया, जिसमें उग्रतारा देवालय सहित 3 श्रेष्ठ दुर्गा पूजा समितियों को पुरस्कार दिया गया। दिसपुर प्रेस क्लब में आज आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. हितेश बरुवा, वरिष्ठ पत्रकार सुब्रतो सेन व रितुस्मिता शर्मा मौजूद थे। इस दौरान श्रीश्री उग्रतारा देवालय मैनेजिंग कमेटी, मालीगांव रेस्ट कैंप कालीबाड़ी दुर्गा पूजा कमेटी व दिसपुर सार्वजनिक दुर्गा पूजा कमेटी को अमृत सीमेंट हेल्थी पूजा अवार्ड से नवाजा गया। इस दौरान सभी को फूलाम गामोछा, सराई व अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। अवॉर्ड के संदर्भ में अमृत सीमेंट के प्रबंध निदेशक प्रदीप बाग्ला ने कहा की कोरोना महामारी को देखते हुए पूजा समितियों व लोगों के उत्साह को बरकरार रखने एवं उन्हें जागरूक करने के उद्देश्य से इसका आयोजन किया गया।